बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजयवन्द्र वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक :......62...................... दिनांक ...6/11/12...........

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय – रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना 2010 के तहत दस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण 40, 41 एवं 42 वीं बैच के बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकरियों को ग्रेड़ पे 6600 में प्रथम वित्तीय उन्नयन स्वीकृत करने के संवंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन का मूल सिद्वांत ही है कि कर्मियों में नियमित प्रोन्नति में विलम्ब (Promotional stagnation) की हताशा को कम करने के लिए उन्हें समय-समय पर वित्तीय उन्नयन दिया जाय। इसी क्रम में पूर्व में सरकार द्वारा कालबद्ध प्रोन्नति, फिर सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना एवं वर्तमान में रूपांतिरत सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना' 2010 लायी गई है। वर्तमान योजना में एक ही ग्रेड पे में लगातार 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर तथा पुरे सेवा काल में अधिकतम' तीन वित्तीय उन्नयन स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि में तीन बैचों यथा 40, 41 एवं 42वें बैच के पदाधिकारियों की सेवा अवधि अद्यतन 10 वर्ष से अधिक की हो गई है परन्तु इन बैचों को अभी तक प्रथम वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति नहीं दी जा सकी है। इस सदर्भ में भी सामान्य प्रशासन विभाग को वित विभाग द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्श दिया गया है कि 40, 41 एवं 42वीं बैचों को जनवरी'2006 से 10 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के उपरान्त जनवरी' 2016 में पहला वित्तीय उन्नयन देय होगा। इस संदर्भ में स्पष्ट करना है कि 40वीं बैच का सेवा में योगदान की तिथि अगस्त'97, 41वीं बैच का का सेवा में योगदान की तिथि फरवरी / मार्च' 99 एवं 42वीं बैच का सेवा में योगदान की तिथि अक्टूबर'2000 हैं। वित्त विभाग के इस अनुचित परामर्श पर कार्रवाई करने पर 40वीं बैच को 18 वर्ष से अधिक की सेवा के उपरान्त, 41वीं बैच को 16 वर्ष से अधिक की सेवा के उपरान्त और 42वीं बैच को

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
* सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
* सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजयनन्द वार्डियार
* अखिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक :...............................

दिनांक ....

15 वर्ष से अधिक की सेवा के उपरान्त प्रथम वित्तीय उन्नयन देय होगा। यहाँ यह भी उल्लेख करना समीचीन होगा कि इन सभी बैचों की सेवा अवधि छठे वेतन आयोग के लागू करने की तिथि को क्रमश: 08, 06, एवं 05 वर्षो से अधिक की थी तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा अपुनरीक्षित वेतनमान में दिनांक-01-01-2006 के प्रभाव से 8000-275-13500 का प्रवेश वेतनमान वैचारिक रूप से स्वीकृत किया गया था लेकिन वरीयता अनुरूप वेतन निर्धारण का लाभ नहीं दिया गया था। जिसके कारण मूल कोटि के विभिन्न बैचों के पदाधिकारियों का मूल वेतन एक ही स्तर पर निर्धारित कर दिया गया। उपर वर्णित बैचों का 01 जनवरी 2006 को पुनरीक्षित वेतन में प्रतिस्थानी बैंड पे 3 एवं ग्रेड पे 5400 पर वेतन निर्धारित हुआ था। यहाँ स्पष्ट करना है कि उपर्युक्त वर्णित बैचों का वेतन 01 जनवरी 2006 को पुराने वेतनमान का छठे वेतन आयोग द्वारा अनुशंसित प्रतिस्थानी वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन में वेतन निर्धारित हुआ है न कि कोई वित्तीय उन्नयन स्वीकृत हुआ है ।

भवदीय से अनुरोध होगा कि वित्त विभाग के द्वारा उत्पन्न किए गए इन भ्रम की स्थितियों एवं त्रुटियों को दूर करते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के उपर वर्णित 40वीं, 41वीं एवं 42वीं बैचों के पदाधिकारियों को रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना' 2010 के लागू होने की तिथि को एवं उसके उपरान्त 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने की तिथि से पहला वितीय उन्नयन अगला उच्चतर कोटि के ग्रेड पे 6600 में देने का तत्काल निदेश जारी किया जाय ।

विश्वासभाजन,

सुशील कुमार

सुशील कुमार
महासचिव